**çknsf'kd lekpkj**

**fnukad&26-03-2026 ¼nksigj& 1455 cts½**

****************

केंद्र सरकार ने क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए संशोधित उड़ान योजना को अगले 10 वर्षों के लिए मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 28 हजार 840 करोड़ रुपये की लागत से देश भर में 100 नए हवाई अड्डे विकसित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों के लिए हवाई सफर को सुलभ और किफायती बनाना ळें

****************

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के जल स्रोतों के संरक्षण पर सुनवाई की। धुर्वा, कांके और गेतलसूद डैम की जमीनों पर हुए अतिक्रमण के मामले में राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए 8 हफ्ते का समय मांगा है। कोर्ट को बताया गया कि जलाशयों से जुड़े जरूरी दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं, जिसके बाद विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाएगी।

****************

आसनसोल रेल मंडल के नए डीआरएम संग्रह मौर्य ने आज गिरिडीह रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही ट्रेनों में नई बोगियां जोड़ने और स्टेशन परिसर के विकास का निर्देश दिया। डीआरएम ने बताया कि ट्रैक मरम्मत कार्य पूरा होते ही गिरिडीह–मधुपुर ट्रेन का परिचालन समय पर सुनिश्चित किया जाएगा।

****************

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आई.एस.एम. धनबाद ने क्यूथ.एस. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व में 21वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही भारत ने खनिज और खनन अभियांत्रिकी में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पेट्रोलियम अभियांत्रिकी में संस्थान ने भारत में चौथा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने इसका श्रेय संस्थान की गुणवत्ता, अनुसंधान और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दिया है।

****************

विश्व प्रसिद्ध देवघर बाबा मंदिर के 18 दानपात्र कड़ी सुरक्षा के बीच खोले गए। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की निगरानी में हुई गिनती में कुल 32 लाख 14 हजार रुपये से अधिक की नकदी प्राप्त हुई। इसमें अमेरिकी डॉलर और यूरो जैसी विदेशी मुद्राएं भी शामिल हैं। प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित की।

****************

रांची में रामनवमी और विसर्जन को लेकर आज शाम 4 बजे से 28 मार्च तक ट्रैफिक व्यवस्था बदली रहेगी। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मेन रोड, शहीद चौक और अपर बाजार जैसे प्रमुख मार्गों पर ऑटो, टोटो और निजी वाहनों के लिए नो–एंट्री लागू की गई है। रांची के ट्रैफिक एसपी ने यात्रियों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

****************

उधर, लोहरदगा में रामनवमी को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए कल सुबह 11 बजे से जुलूस की समाप्ति तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

****************

राज्य सरकार ने झारखंड खिलाड़ी पेंशन योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए हैं। ओलंपिक, नेशनल गेम्स और अन्य पदक विजेता खिलाड़ी 16 अप्रैल तक अपने जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय में फॉर्म जमा कर सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य राज्य का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

*******************